संचालनालय, संस्कृति एवं पुरातत्व
महंत घासीदास स्मारक संग्रहालय, घड़ी चौक के पास, सिविल लाइन
रायपुर-492001, छत्तीसगढ़
E-mail: deptt.culture@gmail.com, deptt_culture@yahoo.co.in, **Website:** www.cgculture.in
Phone No.: 0771-2537404, Tele.Fax.:0771-2234731

क्र. 141 /सं.पु./संस्कृति/राज्यो./21 रायपुर, दिनांक 8/9 /2021

छत्तीसगढ़ अप्रवासी भारतीय सम्मान 2021

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राज्य के मूल निवासी/संबंध रखने वाले अप्रवासी भारतीय व्यक्तियों को, जिन्होंने अपने कार्यकौशल परिश्रम के साथ देश के बाहर सामाजिक कल्याण, मानव संसाधन विकास, कला, साहित्य अथवा आर्थिक क्षेत्र में स्वयं को स्थापित करते हुए उल्लेखनीय कार्य किया है, के योगदान को मान्यता देने, प्रोत्साहित करने एवं प्रतिष्ठा मंडित करने के उद्देश्य से **''छत्तीसगढ़ अप्रवासी भारतीय सम्मान''** स्थापित किया गया है, जिसके लिए प्रविष्टयां/अनुशंसाएं आमंत्रित है।

1. चयन समिति की अनुशंसा पर शासन द्वारा अंतिम रूप से घोषित एक व्यक्ति को रू. दो लाख नगद और प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जाएगा।
2. सम्मान के लिए निम्नांकित अपेक्षाओं की पूर्ति करते हुए प्रविष्टियां ईमेल पर आमंत्रित की जाती है।
   - नामांकित किए जाने वाले व्यक्ति का नाम, पूर्ण परिचय व पता।
   - अप्रवासी भारतीय द्वारा विदेश में किए गए कार्यो का सप्रमाण विस्तृत जानकारी।
   - पूर्व में कोई अन्य सम्मान प्राप्त हुआ हो तो उसका विवरण।
   - चयन होने की स्थिति में सम्मान ग्रहण करने के संबंध में संबंधित व्यक्ति की लिखित सहमति।
3. **''छत्तीसगढ़ अप्रवासी भारतीय सम्मान'' 2021''** की प्रविष्टियां संबंधी जानकारी विभागीय वेवसाईट www.cgculture.in पर देखी जा सकती है।
4. प्रविष्टियों की **अंतिम तिथि 11/10/2021** है तथा प्रविष्टियां विभाग के मेल आईडी rajyaalankaranculture@gmail.com में प्रेषित मेल का आकार 10 एम.बी. तथा वर्ड, पीडीएफ, इमेज सहित कुल 20 ए-4 साईज पेज में स्वीकार की जावेंगी।
5. प्रस्तुत की गई प्रविष्टियां के संवंध में कोई भी पत्रचार मान्य नहीं होगा।
6. संबंधित सम्मान वर्ष के लिए प्राप्त प्रविष्टियों के अलावा निर्णायक मंडल (जूरी) स्वविवेक से ऐसे व्यक्ति/संस्था के नाम पर विचार कर सकेगा, जिन्हें वह सम्मान के उद्देश्यों व अनुरूप पाए।

संचालक
संस्कृति एवं पुरातत्व